**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–20.10.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **इंडिया ब्लॉक के बीच सीट बंटवारे को लेकर मतभेद गहराया, आरजेडी ने पार्टी और सीपीआईएमएल को आवंटित 11 सीटों पर उठाया सवाल।**
2. **चुनाव आयोग ने प्रदेशभर में जारी सर्च अभियान के दौरान तीन करोड़ पंद्रह लाख से अधिक की राशि और अवैध सामान किया जब्त।**
3. **विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की गयी कड़ी, संवेदनशील इलाकों में लोगों की गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर।**

**और**

4. **नक्सलियों के खिलाफ जारी अभियान में पश्चिम सिंहभूम में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, कराईकेला के जंगलों से दो एसएलआर राइफल किया बरामद।**

**समाचार विस्तार से**

***************

इंडिया ब्लॉक के बीच सीट बंटवारे को लेकर मतभेद गहराया गया है। आरजेडी ने पार्टी और सीपीआईएमएल को आवंटित 11 सीटों पर सवाल उठाए हैं। कई दौर की बैठकों के बाद आज राष्ट्रीय जनता दल के सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी अपने जन आधार को देखते हुए 20 से 22 सीटों पर दावेदारी मानती है।

***************

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राजद की नाराजगी पर कहा कि इंडी गठबंधन में सभी दल एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि आपसी विचार विमर्श के बाद ही सीटों के बंटवारे पर फैसला लिया गया है।

***************

विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि राज्य में एनडीए की ही सरकार बनेगी।

***************

झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से तीन करोड़ 15 लाख रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है। आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार, चुनाव अवधि के दौरान व्यक्तियों को 50,000 रुपये तक ले जाने की अनुमति है। यदि राशि 50,000 से अधिक है, लेकिन 10 लाख रुपये से कम है, तो धन जब्त कर लिया जाएगा, और जिला आयुक्त के नेतृत्व वाली एक समिति यह निर्धारित करेगी कि धन वैध उद्देश्यों के लिए था या अन्य उद्देश्यों के लिए। 10 लाख रुपये से अधिक की किसी भी नकदी को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया जाएगा।

***************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदाता जागरूकता वाहन को रवाना किया। ये जागरूकता वाहन लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेगा। इस दौरान रांची स्थित निर्वाचन सदन में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा समेत अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में लोक कलाकार उपस्थित थे।

***************

पलामू में विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत आज सतबरवा प्रखंड के मलय डैम में बोट राफ्टिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक समेत कई आला अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान योगासन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई। वहीं वन विभाग की ओर से डैम के तट पर नारियल पेड़ भी लगाए गए। छात्र–छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

***************

हजारीबाग के बरीह प्रखंड के केवाल गांव के बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

***************

दुमका जिले के चार विधानसभा क्षेत्र– दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा और जरमुंडी के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। और ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता –

***************

विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी कर दी गयी है। संवेदनशील इलाकों में लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज डीआईजी अनूप बिरथरे ने अधिकारियों को कई दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने उग्रवाद प्रभावित इलाके में सुरक्षा बलों को एहतियात के साथ कार्य करने को कहा है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कराईकेला थाना क्षेत्र के लादुराडीह और सुरुगड़ा के जंगलों में छिपा कर रखे गए दो एसएलआर राइफल बरामद किए हैं।

***************

सरायकेला खरसावां जिले में मादक पदार्थों और नशाखोरी के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि अभियान के तहत गम्हरिया थाना क्षेत्र के कमलपुर में छापामारी की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान 436 लीटर अवैध नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

***************

धनबाद उत्पाद विभाग ने आज सुबह टुंडी थाना से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। यहां से करीब 22 लाख रुपए की अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी ने बताया कि छापेमारी के दौरान 250 पेटी अवैध अंग्रेज़ी शराब बरामद की गई है। मौके से 840 लीटर कच्चा स्प्रिट, रैपर, कॉर्क और पैकेजिंग, रीफिलिंग के सामान भी बरामद किए गए हैं।

***************

आज आकाशवाणी रांची के उच्च शक्ति प्रेषित केंद्र काठीटांड में विशेष स्वच्छता अभियान 4 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर अनुपयोगी वस्तुओं और कचरों का निस्तारण किया।

***************

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण झारखंड में 23 अक्टूबर से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने आकाशवाणी को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में दो से तीन दिनों तक इसका असर देखने को मिल सकता हैं। आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है और कई स्थानों पर छिटपुट बारिश भी हो सकती है। कई जगहों पर गरज के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं।